Helpline No.:-(+91)-7597122440

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551-75

क्रमांक : प ( ) जरारासंविवि/ शैक्ष. –विद्यापरिषद्/2023/3547-64 दिनांक : 28/8/23

## बैठक कार्यवाही विवरण

माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 11.08.2023 को दोपहर 12:00 बजे विद्यापरिषद् की 33वीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रहीः–

| क्र. सं. | नाम/पद |
|---|---|
| 1. | प्रो. सत्यपाल सिंह, शिक्षाविद्, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| 2. | डॉ. विनोद कुमार शर्मा, संकायाध्यक्ष वेद–वेदांग संकाय/विभागाध्यक्ष ज्योतिष विभाग |
| 3. | प्रो. शालिनी सक्सैना, संकायाध्यक्ष आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय |
| 4. | डॉ. सीताराम शर्मा, संकायाध्यक्ष साहित्य–संस्कृति संकाय |
| 5. | डॉ. माताप्रसाद शर्मा, संकायाध्यक्ष शिक्षा/श्रमण विद्या संकाय |
| 6. | डॉ. एल. एन. शर्मा (शास्त्री), संकायाध्यक्ष दर्शन |
| 7. | डॉ. राजधर मिश्र, विभागाध्यक्ष व्याकरण विभाग |
| 8. | डॉ. शशि कुमार शर्मा, संयोजक अध्ययन मण्डल व्याकरण |
| 9. | डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा, संयोजक अध्ययन मण्डल ज्योतिष |
| 10. | डॉ. कुलदीप सिंह, संयोजक अध्ययन मण्डल शिक्षा |
| 11. | डॉ. हितेन्द्र धनुष्कर, संयोजक अध्ययन मण्डल जैन दर्शन/श्रमण विद्या |
| 12. | डॉ. शत्रुघ्न सिंह, संयोजक अध्ययन मण्डल योग विज्ञान |
| 13. | डॉ. इन्दिरा खत्री, संयोजक अध्ययन मण्डल हिन्दी |
| 14. | डॉ. अनुपमा राजोरिया, संयोजक अध्ययन मण्डल अंग्रेजी एवं प्राचार्य राजकीय शा. संस्कृत महा., महापुरा |
| 15. | डॉ. कमल किशोर सैनी, संयोजक अध्ययन मण्डल राजनीति विज्ञान |
| 16. | डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत, संयोजक अध्ययन मण्डल पर्यावरण अध्ययन |
| 17. | डॉ. अशोक पलसानिया, संयोजक अध्ययन मण्डलशारीरिक शिक्षा |
| 18. | डॉ. रणजीत कुमार झा, संयोजक अध्ययन मण्डल वेद एवं पौरोहित्य (online) |
| 19. | श्री कुलदीप तिवारी, संयोजक अध्ययन मण्डल कम्प्यूटर शिक्षा |
| 20. | डॉ. रामेश्वर नाथ द्विवेदी, संयोजक अध्ययन मण्डल दर्शन |
| 21. | डॉ. महेश कल्याण, प्राचार्य राज. शा. संस्कृत महाविद्यालय, नीम का थाना |
| 22. | श्री भंवर लाल मेहरड़ा, कुलसचिव |

बैठक का आरम्भ मंगलाचरण से किया गया एवं सदन में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् बैठक के एजेण्डे पर सदन द्वारा विस्तृत चर्चा की गई एवं निम्नानुसार अभिशंषाएं की गईः–

| क्र. सं. | प्रकरण | अभिशंषा |
|---|---|---|
| 1. | नई शिक्षा नीति –2020 के अनुरुप सत्र 2023–24 का पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ। | अ. संबंधित संकायाध्यक्षों द्वारा नई शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप सत्र 2023–24 हेतु तैयार किया गया पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया गया।<br>• वेद–वेदांग संकाय<br>• दर्शन संकाय<br>• शिक्षा संकाय<br>• साहित्य–संस्कृति संकाय<br>• श्रमण विद्या संकाय<br>• आधुनिक ज्ञान–विज्ञान संकाय |

| | | |
|---|---|---|
| | | ब. शास्त्री प्रथम वर्ष में निम्नानुसार प्रश्न प्रत्र होंगे प्रथम व द्वितीय प्रश्नपत्र, शास्त्र विषय से संबंधित होगा तथा तृतीय व चतुर्थ प्रश्नपत्र आधुनिक ज्ञान–विज्ञान, पंचम प्रश्नपत्र कौशल विकास जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, पर्यावरण, कम्प्यूटर इत्यादि भी समाविष्ट होगा। षष्ठ पेपर संस्कृत वाङ्मय व नैतिक शिक्षा का होगा।<br>स. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बी.ए./एम.ए. पाठ्यक्रम का अनुमोदन किया गया।<br>द. शास्त्री प्रथम वर्ष में ही सेमेस्टर नई शिक्षा नीति–2020 के अनुरुप रहेगा। आचार्य प्रथम वर्ष में वार्षिक पद्धति से ही अध्ययन–अध्यापन कार्य यथावत रहेगा।<br>उक्तानुसार नवीन पाठ्यक्रम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 2. | परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षा वर्ष 2023 से पुनर्मूल्यांकन कराये जाने/नहीं कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव निर्णयार्थ। | परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षा वर्ष 2023 से पुनर्मूल्यांकन कराये जाने/नहीं कराये जाने के संबंध में प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सदन ने इस संबंध में विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त पुर्नमूल्यांकन को यथाप्रस्ताव लागू रखा जाना एवं जो परीक्षार्थी किसी विषय में 1 से 5 अंकों तक असफल/अनुत्तीर्ण रहते है, ऐसे विद्यार्थियों का परिणाम घोषित करने से पूर्व परीक्षा परिणाम में मॉडरेशन प्रणाली आवश्यकतानुसार (Need based)) अपनाई जाने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 3. | निदेशक राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत एक वर्षीय डिप्लोमा (DMMT) एवं सर्टिफिकेट कोर्स पाठ्यक्रम अनुमोदनार्थ। | निदेशक राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान द्वारा प्रस्तुत एक वर्षीय डिप्लोमा (DMMT) एवं सर्टिफिकेट कोर्स पाठ्यक्रम सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| 4. | डॉ. माताप्रसाद शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव (सेतु पाठ्यक्रम के संबंध में) | डॉ. माताप्रसाद शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव (सेतु पाठ्यक्रम के संबंध में) का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 5. | डॉ. संदीप जोशी द्वारा प्रस्तुत Global Sanskrit Service प्रस्ताव। | डॉ. संदीप जोशी द्वारा प्रस्तुत Global Sanskrit Service प्रस्ताव का सदन द्वारा स्वागत किया गया एवं पाठ्यक्रम को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 6. | डॉ. शत्रुघ्न सिंह द्वारा प्रस्तुत Advane Yoga Course (online course) | डॉ. शत्रुघ्न सिंह द्वारा प्रस्तुत Advane Yoga Course (online course) का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 7. | नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार पाठ्यक्रमों का अनुमोदन। | नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बी.ए./एम.ए. में इस वर्ष से प्रस्तावित सभी विषयों का पाठ्यक्रम सम्पूर्णता में अनुमोदित किया गया। इसके अन्तर्गत प्रस्तावित संशोधन स्वीकार किया गया और संबंधित विषयों का पाठ्यक्रम यथा संशोधित अतिशीघ्र कुलपति महोदय के द्वारा गठित समिति के समक्ष पुनरावलोकन एवं कुलपति महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु अधिकृत किया गया। |

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(भंवर लाल मेहरड़ा)
कुलसचिव

(प्रो. रामसेवक दुबे)
कुलपति

D:\Sun\OFFICE Letter 2019_2.doc.docx